Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ   نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ   وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 20

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

10 रमज़ान 1440 हिजरी कमरी 16 हिजरत 1397 हिजरी शमसी 16 मई 2019 ई.

अल्लाह तआला का आदेश

قُلِ اللّٰھُمَّ مٰلِکَ الۡمُلۡکِ تُؤۡتِی الۡمُلۡکَ مَنۡ تَشَآءُ
وَتَنۡزِعُ الۡمُلۡکَ مِمَّنۡ تَشَآءُ   وَتُعِزُّ مَنۡ تَشَآءُ
وَتُذِلُّ مَنۡ تَشَآءُ   بِیَدِکَ الۡخَیۡرُ ۝

(सूरत आले-इम्रान आयत :27)

अनुवाद: तू कह दे हे मेरे अल्लाह! सलतनत के मालिक! जू जिसे चाहे शासन प्रदान करे और जिस से चाहे छीन लेता है। और तू जिसे चाहे सम्मान प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। भलाई तेरे ही हाथ में है

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

हमारे हादी अकमल के सहाबा रज़ि ने अपने ख़ुदा और रसूल के लिए क्या क्या जान निसारयां कीं, वतन से निकाले गए,ज़ुलम उठाए,तरह तरह की मुसीबतें उठाईं, जानें दे दें लेकिन सिदक़ तथा वफ़ा के साथ क़दम मारते ही गए। अत: वह क्या बात थी कि जिसने उन्हें ऐसा जान कुरबान करने वाला बना दिया। वह सच्ची इलाही मुहब्बत का जोश था जिसकी किरणें उनके दिल में पड़ चुकी थी ,अत: चाहे किसी नबी के साथ मुक़ाबला कर लिया जाए आप की शिक्षा , नफ़्स को पवित्र करना ,अनुयायियों को दुनिया से दूर करा देना, बहादुरी के साथ सच्चाई के लिए ख़ून बहा देना। इस का उदाहरण कहीं ना मिल सकेगा। अत: यह स्थान हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा रज़ि का है

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आपके सहाबा रज़ि का मुक़ाम

जो सच्चाई तथा सफ़ाई आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने या आप के सहाबा किराम रज़ि ने दिखाया उस का उदाहरण कहीं नहीं। जान देने तक पीछे न हटे। हज़रत ईसा अलैहिस्सालम को कोई मुश्किल काम ना था और ना मुफ़ीद ही कोई इलहाम था। कुछ बिरादरी के लोगों को समझाना कौन सा बड़ा काम है। यहूदी तौरात पढ़े ही हुए थे, ईमान लाने वाले थे। ख़ुदा को वहदहो ला शरीक जानते ही थे। तो कुछ वक़्त यह ख़्याल आ जाता है कि मसीह अलैहिस्सालम करने ही क्या आए थे। यहूदियों में तो तौहीद के लिए अब भी ग़ैरत पाई जाती है। बहुत अधिक यह कह सकते हैं कि शायद अख़लाक़ी कमज़ोरी थे लेकिन शिक्षा तो तौरेत में मौजूद ही थी। बावजूद इस सुविधा के कि क़ौम इस किताब को मानती थी मसीह अलैहिस्सालम ने वह किताब एक उस्ताद से अध्याय अध्याय पढ़ी थी। इस के मुक़ाबला पर हमारे सय्यद तथा मौला हादी कामिल अनपढ़ थे। उनका कोई उस्ताद भी ना था और यह एक ऐसी घटना है कि विरोधी भी इस बात से इनकार ना कर सके। अत: हज़रत ईसा अलैहिस्सालम के लिए दो आसानियां थीं। एक तो बिरादरी के लोग थे जो भारी बात मनवानी थी, वे पहले ही मान चुके थे। हाँ कुछ अख़लाक़ी कमज़ोरी थी लेकिन बावजूद इतनी सुविधा के हवारी ठीक ना हुए। लालची रहे। हज़रत ईसा अपने पास रुपया रखते थे। कुछ चोरियां भी करते। वह कहते हैं कि मुझे सिर रखने की जगह नहीं। लेकिन हम हैरान हैं कि इस के क्या अर्थ हैं। जब घर भी हो और मकान भी हो और माल में गुंजाइश इस क़दर हो कि चोरी की जाए तो पता भी ना लगे। ख़ैर यह तो एक बीच में वाक्य आ गया था। दिखाना यह उद्देश्य है कि बावजूद इन तमाम सविधाओं के कोई सुधार ना हो सका। पितरस को बहिश्त की कुंजियाँ तो मिल जाएं, लेकिन अपने उस्ताद को लानत देने से ना रुक सके।

अब मुक़ाबला में इन्साफ़ से देखा जाए कि हमारे हादी अक़मल के सहाबा रज़ि ने अपने ख़ुदा और रसूल के लिए क्या क्या जान निसारयां कीं, वतन से निकाले गए,ज़ुलम उठाए,तरह तरह की मुसीबतें उठाईं, जानें दे दीं लेकिन सिदक़ तथा वफ़ा के साथ क़दम मारते ही गए। अत: वह क्या बात थी कि जिस ने उन्हें ऐसा जान कुरबान करने वाला बना दिया। वह सच्ची इलाही मुहब्बत का जोश था जिसकी किरणें उनके दिल में पड़ चुकी थी ,अत: चाहे किसी नबी के साथ मुक़ाबला कर लिया जाए आप की शिक्षा , नफ़्स को पवित्र करना ,अनुयायियों को दुनिया से दूर करा देना, बहादुरी के साथ सच्चाई के लिए ख़ून बहा देना। इस का उदाहरण कहीं ना मिल सकेगा। अत: यह स्थान हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा रज़ि का है उन में जो आपस में मुहब्बत थी उस का नक़्शा दो वाक्यों में बयान किया है

وَاَلَّفَ بَیۡنَ قُلُوۡبِہِمۡ ؕ   لَوۡ اَنۡفَقۡتَ مَا فِی الۡاَرۡضِ جَمِیۡعًا مَّاۤ اَلَّفۡتَ بَیۡنَ قُلُوۡبِہِمۡ وَلٰکِنَّ اللّٰہَ اَلَّفَ بَیۡنَہُمۡ

(अल्अनफ़ाल :64) अर्थात जो मुहब्बत उन में है वह हरगिज़ पैदा ना होती चाहे सोने का पहाड़ भी दिया जाता। अब एक और जमाअत मसीह मौऊद की है जिसने अपने अंदर सहाबा जैसा रंग पैदा करना है। सहाबा रज़ि की तो वह पवित्र जमाअत थी जिसकी प्रशंसा में क़ुरआन भरा पड़ा है। क्या आप लोग ऐसे हैं ?जब ख़ुदा कहता है कि मसीह अलैहिस्सलाम के साथ वे लोग होंगे जो सहाबा रज़ि के बराबर होंगे। सहाबा रज़ि तो वे थे जिन्होंने अपना माल ,अपना वतन सच्चाई की राह में दिया और सब कुछ छोड़ा। हज़रत सिद्दीक़ अकबर रज़ी अल्लाह अन्हो का मामला अक्सर सुना होगा। एक बार जब ख़ुदा की राह में माल देने का हुक्म हुआ तो घर की सारी

शेष पृष्ठ 12 पर

125 वां जलसा सालाना कादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमनीन ख़लीफ़तुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने 125वें जलसा सालाना कादियान के लिए 27,28 और 29 दिसंबर 2019 (दिनांक जुम्अ:,हफ़्ता और इतवार) की तारीख़ों की मंज़ूरी प्रदान फ़रमाई है। जमाआत के लोग अभी से दुआओं के साथ इस मुबारक जलसा में शामिल होने की नीयत कर के तैयारी शुरू कर दें। अल्लाह तआला हम सबको इस लिल्लाहि जलसा से फ़ैज़याब होने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए। जलसा सालाना की हर लिहाज़ से कामयाबी और बाबरकत होने इसी तरह नेक फितरत लोगों की हिदायत का कारण बनने के लिए दुआएं जारी रखें। जज़ाकमुल्लाह ।

(नाज़िर इस्लाह व इर्शाद मर्कज़िया कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, सितम्बर 2018 ई (भाग-10)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इरशाद सय्यदुल क़ौमे ख़ादेमुहुम हमेशा अपने ज़हन में रखो और ख़िदमत करो और जमाअत अहमिदया से मंसूब होने की वजह से ज़्यादा बेहतर लीडर बनो और अपनी क़ौम की ख़िदमत करो।

हुज़ूर अनवर के हर एक शब्द में इतना सबक़ है कि इन्सान का दिल करता है कि वह ख़ुद कुछ ना बोले और हुज़ूर के उपदेशों को सुनता रहे। हुज़ूर अनवर ने यह जो फ़रमाया है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद सय्यदुल क़ौमे ख़ादेमुहम को कभी ना भूलना और इस को हमेशा पकड़े रखना, मेरी सारी ज़िन्दगी की शिक्षा एक तरफ़ और हुज़ूर अनवर का यह इरशाद एक तरफ़ जो सारी शिक्षा पर भारी है। अल्लाह तआला मुझे हुज़ूर अनवर के इरशाद पर अनुकरण करने की तौफ़ीक़ प्रदान करे।

(मलिक साओटोमे के वज़ीर-ए-आज़म के अहमदी एडवाईज़र बराए पार्लीमैंटरी उमूर को हुज़ूर अनवर की ज़रीं नसाएह)

मर्दों के लिए विशेषकर यह हुक्म है कि वह जमाअत के साथ नमाज़ अदा करें, यह उन पर फ़र्ज़ है, इक़ामतुस्सलात का मतलब ही यह है कि नमाज़ क़ायम करना और जमाअत के साथ नमाज़ अदा करना , अतः इस मस्जिद की तामीर का हक़ तभी अदा होगा कि जब आप उस का हक़ अदा करेंगे और पांचों वक़्त उस को भरा रखेंगे।

इस मस्जिद की तामीर के बाद उस का हक़ तब अदा होगा जब इर्द-गिर्द के लोगोंको पता चलेगा कि यहां आने वाले मुसलमान, यहां इबादत करने वाले लोग हमारे लिए किसी मुश्किल का कारण नहीं बन रहे, बल्कि हमारे लिए आसानियां पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

अल्लाह करे कि आप अल्लाह तआला के हक़ अदा करने वाले हों, पांचों वक़्त यह मस्जिद खुली रहे और इस मस्जिद की आबादी भी बढ़े, आपस में प्यार तथा मुहब्बत भी पैदा हो और इर्दगिर्द के इलाक़ा में भी , शहर में भी, ग़ैरों में भी यह एहसास पैदा हो कि आप लोग उनका हक़ अदा करने वाले हैं, अमन और प्यार की फ़िज़ा क़ायम करने वाले हैं।

(मस्जिद बैयतुर्रहीम (आल्कन, बैल्जियम)के उद्घाटन के मौक़ा पर सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला का ईमान वर्धक ख़िताब)

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

मुल्क साओटोमे के प्रधानमन्त्री के एडवाइज़र की हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात

इस के बाद मुलक साओटोमे से आने वाले मेहमान Villuildiley Barocca साहिब ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात का सौभाग्य हासिल किया। महोदय अपने मुल्क में वज़ीर-ए-आज़म के एडवाइज़र बराए पार्लमैंटरी अफेयर्ज़ हैं और अल्लाह के फ़ज़ल से अहमदी हैं। महोदय ने हुज़ूर अनवर की ख़िदमत में निवेदन किया कि एक अहमदी होने की हैसियत से मैं किस तरह अपनी क़ौम की ख़िदमत करूँ।

इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया : आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इरशाद "सय्यदुल क़ौमे ख़ादेमुहुम" हमेशा अपने ज़हन में रखो और ख़िदमत करो और जमाअत अहमिदया से सम्बन्धित होने की वजह से अधिक बेहतर लीडर बनो और अपनी क़ौम की ख़िदमत करो।

महोदय को हुज़ूर अनवर के मुबारक हाथ पर बैअत का सौभाग्य भी प्रदान हुआ। उन्होंने इस बात का प्रकट करते हुए कहा कि आज मुझे यह सौभाग्य मिला है कि बैअत करते हुए हुज़ूर के मुबारक हाथ के नीचे मेरा हाथ था। यह मेरे लिए बड़ा भावनात्मक अवसर था। एक तरफ़ हुज़ूर अनवर का हाथ छूने की बड़ी सआदत थी तो दूसरी तरफ़ यह था कि मैं ख़ुदा तआला से एक वादा कर रहा था। मुझे महसूस हो रहा था कि मुझ में कोई चीज़ मर रही है। ऐसे लगता था जैसे एक छोटी सी मौत मेरे पर वारिद हुई है। यह कहते हुए महोदय रो पड़े।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात के बारे में से अपने प्रतिक्रियाओं को प्रकट करते हुए कहा कि मैं कितना ख़ुशनसीब हूँ कि हुज़ूर ने मुझे वक़्त दिया और हुज़ूर अनवर के क़ुरब में मैंने वक़्त गुज़ारा जब कि मिलियनज़ की संख्या में लोग ऐसे हैं जो हुज़ूर अनवर को सिर्फ एक नज़र देखने के लिए तरसते हैं। वैसे तो मैं हुज़ूर अनवर को पहली बार मिल रहा था लेकिन हुज़ूर की मुहब्बत की वजह से ऐसा लगता था जैसे मैं कोई ग़ैर नहीं उनका अपना हूँ जो बड़े अरसा के बाद दोबारा मिला है और हुज़ूर इतनी मुहब्बत और विनम्रता से मिलते हैं कि दूसरे इन्सान के पास कोई चारा ही नहीं होता कि वह आपसे मुहब्बत ना करे।

हुज़ूर अनवर के हर एक शब्द में इतना सबक़ है कि इन्सान का दिल करता है कि वह ख़ुद कुछ ना बोले और हुज़ूर के उपदेशों को सुनता रहे। हुज़ूर अनवर ने सबसे पहले मुझ से पूछा कि क्या आप साओटोमे के प्राइम मिनिस्टर हैं? इस पर मैंने निवेदन किया कि नहीं। मैं प्राइम मिनिस्टर का एडवाइज़र हूँ। इस पर हुज़ूर ने दया करते हुए फ़रमाया फिर भविष्य के प्राइम मिनिस्टर हो। मैं ने इस पोज़ीशन के बारे में इस से पहले कभी ना सोचा था। इस से ज़ाहिर होता है कि हुज़ूर की मुझ से बहुत आशाए हैं जिन पर पूरा उतरने के लिए मुझे बहुत कोशिश करनी पड़ेगी।

हुज़ूर अनवर ने यह जो फ़रमाया है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद "सय्यदुल क़ौमे ख़ादेमुहम" को कभी ना भूलना और इस को हमेशा पकड़े रखना, मेरी सारी ज़िन्दगी की शिक्षा एक तरफ़ और हुज़ूर अनवर का यह इरशाद एक तरफ़ जो सारी शिक्षा पर भारी है। अल्लाह तआला मुझे हुज़ूर अनवर के इरशाद पर अनुकरण करने की तौफ़ीक़ प्रदान करे।

फ़ैमिली मुलाक़ात

इस के बाद प्रोग्राम के अनुसार फ़ैमिलीज़ मुलाक़ातें शुरू हुईं। आज शाम के इस सैशन में जर्मनी की विभिन्न 27 जमाअतों से 47 फ़ैमिलीज़ के 163 लोगों ने अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। इस के इलावा में निम्नलिखित ग्यारह देशों से आने वाले 14 दोस्त ने भी अपनी प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। लाटवीअ , क़तर, पाकिस्तान, नार्वे, गेमबिया, इंडिया, माली, गाना, कैमरोन, दुबई और एस्टोनिया।

जामिआ अहमिदया जर्मनी के इस साल के छात्रों ने विभिन्न रुख़स्तों के दिनों में लंदन आकर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात का सौभाग्य पाते रहे जामिआ अहमिदया के पच्चीस छात्र ऐसे थे जो अपने इमीग्रेशन स्टेटस की वजह से लंदन का सफ़र नहीं कर सकते थे। आज ऐसे इन पच्चीस छात्रों ने भी प्यारे आक़ा की मुलाक़ात का सौभाग्य पाया।

आज मुलाक़ात करने वाले सब दोस्त और फ़ैमिलीज़ ने अपने आक़ा के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दया करते हुए शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों और छात्राओं को क़लम प्रदान फ़रमाए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट प्रदान फ़रमाए।

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

शहीद जो है वो फिर अल्लाह तआला के पास जाता है और वहां आज़ाद फिरता है।

हज़रत मुबश्शिर बिन अब्द अलमुन्ज़िर रज़ि ..ने बताया कि मैं जन्नत में हूँ। हम जहां चाहते हैं जन्नत में खाते पीते हैं। मैंने उनसे कहा कि क्या आप बदर में शहीद नहीं हो गए थे? आप ने बताया हाँ क्यों नहीं। लेकिन मुझे फिर ज़िन्दा कर दिया गया था। इस सहाबी ने यह ख़्वाब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सुनाई तो रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि हे अबी जाबिर! शहादत यही होती है।

जंगों और दुश्मनों के तंग करने के बावजूद सहाबा अपनी तफ़रीह के सामान भी करते रहते थे। एक दूसरे को हल्के फुल्के चैलेंज भी देते थे ताकि वक़्त भी गुज़र जाए और दुश्मनों का जो स्थायी ज़हनी दबाव भी है वह भी कुछ कम हो। आप को क़त्ल तथा फित्ना से उद्देश्य नहीं थी।

इख़लास तथा वफ़ा की साक्षात मुर्ति बदरी असहाबे रसूल हज़रत हुसैन बिन हारिस, हज़रत सफ़्वान, हज़रत मुबश्शिर बिन अब्द अलमुन्ज़िर, हज़रत वर्क़ा बिन म्यूस, हज़रत मुहरिज़ बिन नज़्लह, हज़रत सुवैयबित बिन सअद, रज़ी अल्लाह अन्हुम व रज़ू अन्हुम की सीरते मुबारका का दिलनशीन तज़किरा।

अल्लाह तआला जब अपने अंबिया को इल्हाम के द्वारा कोई हुक्म देता है कि यह करो तो इस का यह मतलब होता है कि अल्लाह तआला उस के लिए अपनी ताईदात और सहायता भी फ़रमाएगा और वसीले के सामान भी पैदा फ़रमाएगा और फिर इस तरह यह पूर्णता को पहुँचेगा और यही हमारा तजुर्बा है।

हर क़दम जो हमारा आगे बढ़ता है या जो तरक़्क़ी हम देखते हैं वह असल में अल्लाह तआला के इस मंसूबे का हिस्सा है जो अल्लाह तआला ने इस्लाम को दुनिया में फैलाने के लिए बनाया हुआ है।

मुझे यक़ीन है और कुछ दूसरी गवाहियां भी ज़ाहिर करती हैं कि हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अलराबे रहिमहुल्लाह का यहां (इस्लामाबाद में) बाक़ायदा मर्कज़ बनाने का इरादा था।

अल्लाह तआला इस्लामाबाद से इस्लाम की तब्लीग़ के काम को पहले से ज़्यादा वुसअत प्रदान फ़रमाए और "वस्सिअ् मकअनक" सिर्फ़ मकानियत की वुसअत का माध्यम ही ना हो बल्कि अल्लाह तआला के मन्सूबों की तकमील में वुसअत का माध्यम भी बने।

हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहि अलसलोत्न वस्सलाम के इलहाम "वस्सिअ् मकानक" के अधीन जमाअत अहमदिया के नए मर्कज़ इस्लामाबाद, टेलफ़ोरड, सर्रे की तामीर और वहां मुंतकली का ऐलान। इसी तरह इस्लामाबाद की नई तामीर के मंसूबे और वहां मरकज़ अहमदीयत के मुंतक़िल होने के हर लिहाज़ से बरकतों वाला होने के लिए जमाअत के लोगों को दुआ की तहरीक।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 12 अप्रैल 2019 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज जिन बदरी सहाबा का मैं ज़िक्र करूँगा उन में से पहला नाम है हज़रत हुसैन बिन हारिस रज़ि का। हज़रत हुसैन की माता सुख़ैलह बिन्त ख़ुज़ाई थीं। उनका सम्बन्ध बनू मुत्तलिब बिन अबदे मनाफ़ से था उन्होंने अपने दो भाईयों हज़रत तुफ़ैल और हज़रत उबैदा के साथ मदीना की तरफ़ हिजरत की। उनके साथ हज़रत मिसतह बिन उसासह रज़ि और हज़रत अबाद बिन मुत्तलिब रज़ि भी थे। मदीना में आप ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलमह अज़्लानी रज़ि के घर निवास किया। रिवायत के अनुसार आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत हुसैन रज़ि की हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर रज़ि के साथ भाईचारा स्थापित फ़रमाया। यह मुहम्मद बिन इस्हाक़ के अनुसार है। हज़रत हुसैन रज़ि ने जंग बदर और उहद सहित सारी जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शिरकत की। हज़रत हुसैन रज़ि के दो भाईयों हज़रत उबैदह रज़ि और हज़रत तुफैल रज़ि ने भी जंग बदर में शिरकत की। हज़रत हुसैन रज़ि की वफ़ात 32 हिज्री में हुई।

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 30 हुसैन बिन अलहारिस दारुल अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लेबनान 1996 ई)

(अल्इस्तेयाब भाग 3 पृष्ठ 141 उबैदह बिन अलहारिस दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लेबनान 2002 ई)

(असदुल गाब: भाग अव्वल पृष्ठ 573 हुसैन अल्हारिस प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत)

हज़रत हुसैन रज़ि के बेटे का नाम अब्दुल्लाह था। उनकी बेटियां ख़दीजा और हिन्द थीं। उन्होंने भी इस्लाम क़बूल किया। जंग ख़ैबर के वक़्त रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इन दोनों को सौ वसक़ अन्न प्रदान फ़रमाया।

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 30 ज़िक्र अलहुसैन बिन अल्हारिस भाग 8 पृष्ठ 364 तसमी तुन्निसा अल्मुबायात मिन क़ुरैश प्रकाशन दारुल अहया अत्तुरास

अल्अरबी बेरूत 1996 ई)

एक वसक़ जो है वो 60 साअ होते हैं और एक साअ कुछ कम अढ़ाई सैर के बराबर होता है तो इस तरह तक़रीबन 375 मन अन्न आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनको उनके पिता की वजह से प्रदान फ़रमाया।

(लुग़ातुल हदीस भाग 4 पृष्ठ 487 वसक़ भाग 2 पृष्ठ 648 साअ प्रकाशक नुअमानी कुतुब ख़ाना लाहौर 2005 ई)

हज़रत सफ़्वान रज़ी अल्लाह तआला अन्हो जिनके पिता का नाम वह्ब बिन रबीआ था। यह दूसरे सहाबी हैं जिनका ज़िक्र करूँगा। हज़रत सफवान रज़ि की कुनिय्यत अबू अम्रो है और आप क़बीला बनू हारिस बिन फ़िह्र से सम्बन्ध रखते थे। आप के पिता का नाम वह्ब बन रबीअह था। उनका नाम एक रिवायत में अहुय्ब भी आया है। उनकी माता का नाम दअ्द बिन्तई जह्दम था जो कि बैज़ा के नाम से मशहूर थीं। इसी वजह से हज़रत सफवान रज़ि को इब्न बैज़ा भी कहा जाता है। आप हज़रत सह्ल रज़ि और हज़रत सुहैल रज़ि के भाई थे। ये दोनों भाई उन सह्ल रज़ि और सुहैल रड़ि के इलावा हैं जिन से नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मस्जिद नबवी की ज़मीन ख़रीदी थी। ये वे नहीं हैं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत सफवान रज़ि का भाईचारा हज़रत राफ़िअ बिन मुअल्ला रज़ि से करवाया और एक रिवायत के अनुसार आपका भाईचारा हज़रत राफ़िअ् बिन अज़्लअन रज़ि से करवाया गई। उनकी वफ़ात के बारे में भी मतभेद हैं। कुछ कहते हैं कि हज़रत सफवान रज़ि को जंग बदर में तुअय्मह बिन अदी ने शहीद किया था और एक रिवायत के अनुसार आप जंग बदर में शहीद नहीं हुए थे बल्कि आप ने जंग बदर सहित सारी जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शिरकत की। हज़रत सफवान रज़ि के बारे में एक रिवायत में आता है कि आप जंग बदर के बाद मक्का वापस लौट गए थे और कुछ समय बाद दोबारा हिजरत कर के आ गए थे। यह भी रिवायत मिलती है कि आप फ़तह मक्का तक वहीं रहे अर्थात मक्का में रहे। हज़रत इब्न अब्बास रज़ि रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें सरिया अब्दुल्लाह बिन जह्श में अब्वा की तरफ़ शामिल कर के भिजवाया था। कुछ रिवायतों में आपकी वफ़ात का साल 18 हिज्री और 30 हिज्री और 38 हिज्री वर्णन किया गया है।

(असदुल गाब: भाग 3 पृष्ठ 33 सफ़्वान बिन वह्ब प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत)

(अलासाबा फ़ी तमीईज़ अलसहाबा भाग 3 पृष्ठ 358-359 सफ़्वान बिन वह्ब प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1995ई)

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 318 सफ़्वान इब्न बैज़ाई प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

बहरहाल ये हर जगह पर प्रमाणित है कि आप बदरी सहाबी थे।

अगले सहाबी जिनका ज़िक्र है वह हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुन्ज़िर रज़ि हैं। हज़रत मुबश्शिर रज़ि की माता का नाम नसीबह बिन्त ज़ैद था। आप ओस के क़बीले बनू अम्रो बिन औफ़ से थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुन्ज़िर रज़ि और हज़रत आकिल बिन अबू बुकैर रज़ि के बीच भाईचारा स्थापित फ़रमाया था। कुछ कहते हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत आकिल बिन अबू बुकैर रज़ि अल्लाह तआला अन्हो और हज़रत मुजज़्ज़र बिन ज़ैद रज़ि के बीच भाईचारा स्थापित फ़रमाया था। बहरहाल आप जंग बदर में सम्मिलित हुए और इसी जंग में आप शहीद भी हुए। हज़रत साइब बिन अबुल बाबह: रज़ि जो हज़रत मुबश्शिर रज़ि के भाई हज़रत अबुल बाबह:रज़ि के बेटे थे उनसे रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुन्ज़िर रज़ि का माले ग़नीमत में हिस्सा मुक़र्रर फ़रमाया और मअ्न बिन अदी रज़ि हमारे पास उनका हिस्सा लेकर आए।

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 347-348 मुबश्शिर बिन अब्दुल मुनज़िर, दारुल अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लेबनान 1990 ई)

उनके भाई, उनके भतीजों को भी हिस्सा मिला।

हजरत मदीना के वक़्त मुहाजरीन में से हज़रत अबू सलमा बिन अब्दुल असद रज़ि और हज़रत आमिर बिन रबीअह रज़ि और हज़रत अब्दुल्लाह बिन जह्श रज़ि और उनके भाई हज़रत अबू अह्मद बिन जह्श रज़ि ने क़बा के स्थान पर हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुन्ज़िर रज़ि के यहाँ निवास किया। फिर मुहाजरीन एक के बाद एक वहां आने लगे।

(अस्सीरतुल हलबिया ले इब्न हिशाम पृष्ठ 335, ज़िक्र, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001)

हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुन्ज़िर रज़ि अपने दो भाईयों हज़रत अबू लुबाबह बिन अब्दुल मुनज़िर रज़ि और हज़रत रिफ़ा बिन अब्दुल मुनज़िर रज़ि के साथ जंग बदर में सम्मिलित हुए थे। हज़रत रिफ़ा रज़ि सत्तर अन्सार के साथ बैअत उक़बा में शामिल हुए थे। इसी तरह जंग बदर और जंग उहद में भी सम्मिलित हुए थे। जंग उहद के दिन आप शहीद हुए। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जंग बदर की तरफ रवाना हुए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबुल बाबह: रज़ि को मदीने का आमिल बना कर रौहआ स्थान से वापस रवाना किया जैसा कि पहले भी ज़िक्र हो चुका है कि रौहा एक स्थान का नाम है। मदीना से चालीस मील की दूरी पर है। लेकिन आँहज़रत सल्लल्ला हो अलैहि वसल्लम ने आप के लिए माले ग़नीमत और सवाब में हिस्सा मुक़र्रर फ़रमाया। अल्लामा इब्न इसहाक़ वर्णन करते हैं कि हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुनज़िर रज़ि बनू अमरो बिन औफ़ से थे। आप इन अन्सारी सहाबा में से थे जो बदर में शहीद हुए थे।

(असदुल गाब: फ़ी मार्फतिस्सहाबा, भाग 5,मुबश्शिर बिन अब्दुल मुनज़िर ,पृष्ठ 53,दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लेबनान 2008) (अत्तबकातुल कुबरा,भाग 3 ,पृष्ठ241,मुबश्शिर बिन अबदि अलमुनज़िर, दारुल अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लेबनान 1996 ई) (लुगातुल हदीस भाग 2 पृष्ठ 149)

हज़रत अब्दुल्लाह बिन अम्रो बन हराम रज़ि वर्णन करते हैं कि मैंने जंग उहद से पहले ख़्वाब देखा कि मानो हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुन्ज़िर रज़ि मुझे कह रहे हैं कि तुम कुछ रोज़ में हमारे पास आ जाओगे। मैंने पूछा कि आप कहाँ हैं तो उन्होंने बताया कि मैं जन्नत में हूँ। हम जहां चाहते हैं जन्नत में खाते पीते हैं। मैंने उनसे कहा कि क्या आप जंग बदर में शहीद नहीं हो गए थे? आप ने बताया हाँ क्यों नहीं। लेकिन मुझे फिर ज़िंदा कर दिया गया था। इस सहाबी ने यह ख़्वाब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सुनाया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि हे अबू जाबिर! शहादत यही होती है।

(अल्मुसतदरक अलस्सहीहैन भाग 5 पृष्ठ 1840,1841,किताब मारफतुस्सहाब: ज़िक्र मनाकिब अब्दुल्लाह बिन अमरो प्रकाशन नज़ार मुस्तफ़ा अल्बाज़ ,मक्का 2000 ई)

शहीद जो है वह फिर अल्लाह तआला के पास जाता है और वहां आज़ाद फिरता है।

अल्लामा ज़र्क़ानी जंग बदर के मौक़ा पर शहीद होने वाले सहाबा का ज़िक्र करते हुए लिखते हैं कि दो सहाबा क़बीला ओस में से थे जिन में से एक हज़रत सअद बिन ख़ैसमह रज़ि थे। कुछ कहते हैं कि तुऐमह बिन अदी ने उन्हें शहीद किया जबकि कुछ कहते हैं कि अम्रो बिन अब्दे वुद्द ने उन्हें शहीद किया था। समहूदी ने अपनी किताब वफ़ा में लिखा है कि अहल सैर के कलाम से ज़ाहिर है अर्थात जो सीरत लिखते हैं कि जंग बदर के मौक़ा पर शहीद होने वाले सहाबा सिवाए हज़रत उबैदह रज़ि के बदर में मदफ़ून हैं। हज़रत उबैदह रज़ि की वफ़ात कुछ देर बाद हुई थी और वह सफ़रा या रोहा के स्थान पर मदफ़ून हैं।

तिबरानी ने सिका (मज़बूत) रावियों से रिवायत की है कि हज़रत इब्न मसूद रज़ि रिवायत करते हैं कि यक़ीनन रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के वे अस्हाब जो बदर के दिन शहीद किए गए अल्लाह उनकी रूहों को जन्नत में हरे परिंदों में रखेगा जो जन्नत में खाईं पिएंगे। वे इसी हाल में होंगे कि उनका रब अचानक उन पर प्रकट होगा, ज़ाहिर होगा और कहेगा हे मेरे बंदो ! तुम क्या चाहते हो? अत: वे कहेंगे हे हमारे रब! क्या इस से ऊपर भी कोई चीज़ है। जन्नत में हम आए हुए हैं। अल्लाह तआला फिर पूछेगा तुम क्या चाहते हो? अत: चौथी बार सहाबा कहेंगे कि तो हमारी रूहों को हमारे जिस्मों में वापस लौटा दे ताकि हम फिर से वैसे ही शहीद किए जाएं जैसे हम पहले शहीद किए गए थे।

(शरह अल्अल्लामा अज़्ज़रकानी ,भाग 2 ,पृष्ठ 327,बाब जंग बदर अल्कुबरा ,प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लेबनान 1996 ई)

फिर अगले सहाबी जिनका ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत वर्क़ा बिन इयास रज़ि । हज़रत वर्क़ा रज़ि के नाम में मतभेद पाया जाता है। आप का नाम वर्क़ा के अतिरिक्त वदुफ़ह और वदुकह भी वर्णन हुआ है। हज़रत वर्क़ा रज़ि के पिता का नाम इयास बिन अमरो था। आप अन्सार के क़बीले ख़ज़रज की शाख़ बनू लौज़ान बिन ग़नम से सम्बन्ध रखते थे। अल्लामा इब्ने इसहाक़ की रिवायत के अनुसार हज़रत वर्क़ा रज़ि को अपने दो भाईयों हज़रत रबीअ और हज़रत अमरो के साथ जंग बदर में शामिल होने की तौफ़ीक़ मिली थी। हज़रत वर्क़ा रज़ि को जंग बदर के इलावा जंग उहद, जंग

ख़ंदक़ और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ अन्य सभी जंगों में शिरकत की तौफ़ीक़ मिली। आप की शहादत जंग यमामा के दिन हज़रत अबूबकर रज़ी अल्लाह तआला अन्ना के अहदे ख़िलाफ़त में 11हिज्री में हुई।

(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्ने हश्शाम पृष्ठ 469 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001ई)(असदुल ग़ाब: भाग 5 पृष्ठ 412-413 वदफ़: बिन ईयास, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2008 ई)

(अल्असाबा फ़ी तमीईज़ अलस्सहाबा भाग 6 पृष्ठ 471 , वदक़: बिन ईयास बिन अमरो अल्अनसारी, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2005ई)

अगले जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत मुहरिज़ बिन नज़लह रज़ि। उनके पिता का नाम नज़ल: बिन अब्दुल्लाह है जबकि दूसरे कथन के अनुसार आपके पिता का नाम वहब था। आप की कुनिय्यत अबू नज़ल: थी। आप गोरे और ख़ूबसूरत चेहरे वाले थे। आप का लक़ब फ़ुहरै: था। आप अख़रम के नाम से भी जाने जाते थे। आप बनू अबद शम्स के हलीफ़ थे जब कि बनू अब्दुल अशहल इन्हें अपना हलीफ़ बताते हैं। मुहरिज़ या अख़रम दोनों नाम आप के हैं। हज़रत मुहरिज़ रज़ि का सम्बन्ध मक्का के क़बीला बनू ग़नम बिन वुदवान से था। यह क़बीला मुसलमान हो गया था। इस क़बीले के मर्दों और औरतों को मदीना की तरफ़ हिजरत की तौफ़ीक़ मिली। इन मुहाजरीन में हज़रत मुहरिज़ बिन नज़लह रज़ि भी शामिल थे। वाक़दी कहते हैं कि मैंने इब्राहीम बिन इस्माईल को सुना वह कहते थे कि यौमुस्सरह ,ये जंग ज़ी कुर्द और ग़ज़व: अलग़ाबह का नाम है जो 6 हिज्री में हुई थी,मैं सिवाए हज़रत मुहरिज़ बिन नज़लह रज़ि के बनू अब्दुल अशहल के घर से कोई और नहीं निकला। वह हज़रत मुहम्मद बिन मसलमह रज़ि के घोड़े पर सवार थे जिसका नाम ज़ूल्लमह: था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत मुहरिज़ बिन नज़लह रज़ि और हज़रत उमरो बिन हज़म रज़ि के बीच इभाईचारा स्थापित फ़रमाया था। वाक़दी के नज़दीक आप जंग बदर, जंग उहद और जंग ख़ंदक़ में सम्मिलित हुए थे। सालिह बिन कैसान से रिवायत है कि हज़रत मुहरिज़ बिन नज़लह रज़ि ने बताया कि मैंने ख़्वाब में दूसरे आसमान को देखा कि वह मेरे लिए खोल दिया गया है यहां तक कि मैं उस में दाख़िल हो गया और सातवें आसमान तक पहुंच गया। चला गया। मुझ से कहा गया कि यह तुम्हारी मंज़िल है। हज़रत मुहरिज़ रज़ि कहते हैं कि मैंने हज़रत अबूबकर सदीक़ रज़ि के सामने यह ख़्वाब वर्णन किया जो ताबीर के फ़न के माहिर थे तो आप ने फ़रमाया कि शहादत की ख़ुशख़बरी हो! फिर एक रोज़ आप शहीद कर दिए गए। आप रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि के साथ यौम अलस्सरह में ग़ज़व: अलग़ाबह के लिए रवाना हुए, ये जंग ज़ी कुर्द भी कहलाती थी जो 6 हिज्री में हुआ। अमरो बिन उसमान जहशी अपने बाप दादा से रिवायत करते हैं कि हज़रत मुहरिज़ बिन नज़लह रज़ि जब जंग बदर में शामिल हुए तो आप 31 या 32 साल के थे और जब आप शहीद हुए तो 37 या 38 साल के क़रीब थे।

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3,पृष्ठ 52 मुहरिज़ बिन नज़लत दारुल अहया अत्तुरास ,बेरूत 1996 ई) (असदुल ग़ाब: फ़ी मारफ़: अलसहाब:,भाग 5, पृष्ठ 68 मुहरिज़ बिन नज़ल: दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2008 ई)

हज़रत मुहरिज़ रज़ि की शहादत की घटना इस तरह वर्णन हुई है। हज़रत अयास बिन सलमह रज़ि जंग ज़ी कुर्द के बारे में रिवायत वर्णन करते हैं कि मेरे पिता ने मुझ से वर्णन किया कि सुलह हुदैबिया वाली घटना के बाद हम मदीना की तरफ़ वापस जाने के लिए निकले। फिर हम एक जगह उतरे। हमारे और बनू लिहयान के बीच एक पहाड़ था। वे मुशरिक थे। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस आदमी के लिए दुआ की जो इस पहाड़ पर रात को चढ़े मानो वह नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और सहाबा के लिए हालात पर नज़र रखने और हिफ़ाज़त के उद्देश्य से जासूस का काम दे अर्थात निगरानी के लिए, हिफ़ाज़त के लिए ऊपर चढ़े। देखे कि कोई दुश्मन इत्यादि हमला न कर रहा हो। हज़रत सलमा बिन अकवा रज़ि कहते हैं मैं इस रात दो या तीन बार चढ़ा । फिर हम मदीना पहुंचे। फिर कहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने रबाह नामक आदमी के हाथ अपने ऊंट भेजे जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ग़ुलाम था और मैं हज़रत तलहा रज़ि के घोड़े के साथ इस पर सवार हो कर निकला और मैं इस को ऊंटों के साथ पानी पिलाने के लिए जा रहा था। जब सुबह हुई तो अबदुर्रहमान फ़ज़ारी ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ऊंटों पर हमला किया। साथ एक क़बीला था जो दुश्मन था और सबको हाँक कर ले गया और उनके चरवाहे को क़त्ल कर दिया। रावी कहते हैं कि मैंने कहा हे रबाह! ये घोड़ा पकड़ो और उसे तलह बिन उबैदुल्लाह को पहुंचा दो और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़बर दो कि मुशरिकों ने आपके जानवर लूट लिए हैं। फिर में एक टीले पर मदीने की तरफ़ मुँह कर के खड़ा हुआ और तीन बार पुकारा يَاصَبَاحَاهُ!يَاصَبَاحَاه।यह बात अरब वाले उस वक़्त कहा करते थे जब कोई दुश्मन लूटने वाला और ग़ारत करने वाला सुबह को आ पहुंचता था तो उस के साथ यह नारा मारते थे मानो बुलंद आवाज़ से फ़र्याद मांगी जा रही है और सहायता के लिए ऐलान किया जा रहा है ताकि हिमायती जो हैं वे फ़ौरन आ जाएं और दुश्मन का मुक़ाबला करें और इस को दौड़ा दें।

कुछ ने कहा है कि लड़ने वालों का क़ायदा होता था कि रात होते ही जंग बंद कर देते थे। अपने ठिकानों पर चले जाते थे। सबाहहु के बारे में दूसरी रिवायत यह भी है। और फिर सबाहहु कहा कर दूसरे रोज़ लड़ने वालों को आगाह किया जाता था कि सुबह हो गई है। अब जंग के लिए फिर तैयार हो जाओ। लुगातुल हदीस में यह वज़ाहत लिखी गई है। बहरहाल कहते हैं कि फिर मैं उन लोगों के पीछे तलाश करता हुआ और उन्हें तीर मारता हुआ निकला और मैं रज़ज़ीह अशआर पढ़ रहा था और मैं कह रहा कि

اَنَا ابْنُ الْاَكْوَع وَالْيَوْمُ يَوْمُ الرُّضَّع

कि मैं अकवा का बेटा हूँ और ये दिन कमीनों की तबाही का दिन है। अत: मैं उनमें से जिस आदमी से भी मिलता तो उस के कुजावे में तीर मारता यहां तक कि तीर का फल निकल कर उस के कंधे तक जा पहुंचता। मैं कहता اَنَا ابْنُ الْاَكْوَع وَالْيَوْمُ يَوْمُ الرُّضَّع मैं अकवा का बेटा हूँ और ये दिन कमीनों की तबाही का दिन है। कहते हैं कि अल्लाह की क़सम! मैं उनको तीर मारता रहा और उन्हें ज़ख़्मी करता रहा और जब मेरी तरफ़ कोई घुड़सवार आता तो मैं किसी दरख़्त की तरफ़ आता और इस के नीचे बैठ जाता अर्थात दरख़्त के पीछे छुप जाता और मैं उसे तीर मार कर ज़ख़मी कर देता यहां तक कि जब पहाड़ का रास्ता तंग हो गया और वे इस तंग रास्ते में दाख़िल हुए तो मैं पहाड़ पर चढ़ गया और उन्हें पत्थर मारने लगा। ये लोग जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जानवर लूट कर लेकर जा रहे थे उन पर उन्होंने हमला किया। अकेले थे। पहले तीर मारते रहे फिर कहते हैं कि दर्रे पर पहुंचा वहां से पत्थर मारने शुरू किए और इसी तरह में उनका पीछा करता रहा यहां तक कि अल्लाह तआला ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ऊंटों में से कोई ऊंट ऐसा पैदा नहीं किया जिसे मैंने अपने पीछे ना छोड़ दिया हो अर्थात कि दर्रे की वजह से वे पीछे रह गए और वे लोग आगे दौड़ गए और उन्होंने उनको मेरे और अपने बीच छोड़ दिया। फिर मैं तीर-अंदाज़ी करता रहा यहां तक कि उन्होंने तीस से ज़्यादा चादरें और तीस नेज़े अर्थात अपना वज़न हल्का होने के लिए फेंक दिए। वे लोग दौड़ रहे थे तो ऊंट छोड़ दिए। फिर अपना सामान भी पीछे फेंकना शुरू कर दिया ताकि आसानी से दौड़ सकें। कहते हैं जो चीज़ भी वो फेंकते जाते थे में उन पर निशान के तौर पर पत्थर रख देता था ताकि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के सहाबा पहचान लें यहां तक कि वे एक तंग घाटी में आए जहां उन्हें बदर फ़ज़ारी का कोई बेटा मिला। वे बैठ कर खाना खाने लगे और मैं एक चोटी पर बैठा था। फ़ज़ारी ने कहा ये कौन आदमी है जिसे मैं देख रहा हूँ? उन्होंने कहा इस आदमी ने तो हमें तंग कर रखा है। अल्लाह की क़सम! ये सुबह से हम पर निरन्तर तीर-अंदाज़ी कर रहा है यहां तक कि उसने हम से सब कुछ छीन लिया है। उसने कहा चाहिए कि तुम में से चार आदमी उस की तरफ़ जाएं। हज़रत सलमा बिन अकवा रज़ि कहते हैं कि उनमें से चार आदमी मेरी तरफ़ पहाड़ पर चढ़े। जब वे मेरे इतने क़रीब आए कि मैं उनसे बात कर सका तो मैंने कहा कि तुम मुझे जानते हो? उन्होंने कहा नहीं। तुम कौन हो? मैंने कहा कि मैं सलमा बिन अकवा हूँ। फिर उन्होंने आगे काफ़िरों को कहा कि उस की क़सम जिसने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चेहरे को इज़्ज़त प्रदान की है कि मैं तुम में से जिस आदमी को पकड़ना चाहूँ उसे पकड़ सकता हूँ लेकिन तुम में से कोई आदमी मुझे पकड़ना चाहे तो नहीं पकड़ सकता। चार आदमी जो आए थे उन में से एक ज़रा डर गया। उसने कहा कि मेरा भी यही ख़्याल है और वे चारों फिर वापस चले गए और मैं अपनी जगह पर बैठा रहा यहां तक कि मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घोड़े दरख़्तों के बीच आते हुए देखे। उन में से सबसे पहले अख़रम असदी रज़ि थे और उनके पीछे अबू क़तादः अन्सारी रज़ि थे और उनके पीछे मिक़दअद बन असवद किन्दी रज़ि थे मैंने अख़रम अर्थात हज़रत मुहरिज़ रज़ि के घोड़े की लगाम पकड़ी तो वे चारों तरफ़ पीठ फेर कर भाग गए। यह ज़रा सा confusion

है मेरा ख़्याल है। वे जो दूसरे लोग वहां बैठे खाना खा रहे थे जब उन्होंने देखा कि ये लोग और क़रीब आ गए हैं तो वे लोग पीठ फेर कर भाग गए। कहते हैं मैंने कहा हे अख़रम! अर्थात हज़रत मुहरिज़ रज़ि को कहा कि तो उनसे बच ,ताकि वे तुझे हलाक ना कर दें यहां तक कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के सहाबा पहुंच ना जाएं। उसने कहा हे सलमा!अगर तू अल्लाह और आख़रत के दिन पर पर ईमान रखता है और तू जानता है कि जन्नत हक़ है और आग हक़ है अर्थात जहन्नुम हक़ है। अत: तू मेरे और शहादत के बीच रोक ना हो। मैंने उसे छोड़ दिया यहां तक कि वे अर्थात अख़रम रज़ि और अबदुर्ररहमान आपस में गुछ गए और उन्होंने अबदुर्ररहमान सहित उस के घोड़े को ज़ख़्मी कर दिया और अबदुर्ररहमान ने इन को अर्थात अख़रम रज़ि को, हज़रत मुहरिज़ रज़ि को नेज़ा मार कर शहीद कर दिया और उनके घोड़े पर सवार हो कर अपने लोगों में जाने के लिए वापस मुड़ा तो फिर जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ लोग आ रहे थे उनमें से अबू क़तादह रज़ि , अबदुर्ररहमान के पीछे गए और इस को पकड़ लिया और नेज़ा मार कर उसे क़त्ल कर दिया जो हज़रत मुहरिज़ रज़ि को शहीद कर के गया था। तो यह कहते हैं कि उस की क़सम जिसने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चेहरे को इज़्ज़त प्रदान की! मैंने दौड़ते हुए उनका पीछा जारी रखा। मै ंफिर भी उनके पीछे जाता रहा यहां तक कि मैंने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा में से किसी को और ना उनके ग़ुबार को अपने पीछे पाया अर्थात बहुत आगे निकल गया यहां तक कि वे सूरज डूबने से पहले एक घाटी में पहुंचे जहां पानी था। उसे ज़ी कुर्द कहते थे। वे लोग जो माल लूट के ले जानेवाले चोर थे वे इस से पानी पीना चाहते थे और वे प्यासे थे। फिर उन्होंने मुझे अपने पीछे दौड़ते हुए देखा। मैंने उनको वहां से हटा दिया और वे इस में से एक क़तरा भी ना पी सके। वे वहां से निकले और एक घाटी की तरफ़ तेज़ी से बढ़े। मैं भी दौड़ा। मैं उनमें से जिस आदमी को पीछे पाता अर्थात छुप-छुप के पीछे दौड़ता रहा और जो पीछे रह जाता था उस के कंधे की हड्डी में तीर मारता। मैं कहता

اَنَا ابْنُ الْاَكْوَع وَالْيَوْمُ يَوْمُ الرُّضَّع

में अकवा का बेटा हूँ और ये दिन कमीनों की तबाही का दिन है। कहते हैं कि उसने कहा कि अकवा को इस की माँ खोए। क्या सुबह वाला अकवा ? ये जो लोगों को ज़ख़मी कर रहे थे तो उनमें से एक ने यह कहा कि सुबह वाला अकवा , जो सुबह से हमारे पीछे पड़ा हुआ है? मैंने कहा हाँ। हे अपनी जान के दुश्मन तेरा सुबह वाला अकवा । उन्होंने दो घोड़े घाटी में पीछे छोड़ दिए। मैं इन दोनों को हांकते हुए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास चल पड़ा। मुझे आमिर एक छागल में थोड़े से दूध में मिला हुआ पानी और एक छागल में पानी लाते हुए मिले। फिर मैंने वुज़ू किया और पिया। फिर मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस पानी पर थे जहां से मैंने उन लोगों को , इन लुटेरों को सुबह भगाया था। वहां आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस पानी के क़रीब पहुंच चुके थे। मैंने देखा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने वे ऊंट और वे सब चीज़ें जो मैंने मुशरिकों से छुड़ाई थीं ले लें और हज़रत बिलाल रज़ि ने इन ऊंटों में से जो मैंने उनसे छीने थे एक ऊंटनी ज़िबह की। वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए कलेजी और कोहान के गोश्त से भून रहे थे। मैंने कहा हे रसूलुल्लाह! आप के साथ जो लोग आए हैं मुझे इस लश्कर में से सौ आदमी चुनने की इजाज़त प्रदान फ़रमाएं। तो मैं इन लोगों का पीछा कर के इन सबको क़तल कर दूं। कोई उनके क़बीले को ख़बर देने वाला भी ना बचे जो ये सामान लूट कर लौटे थे, लूट कर ले जाने लगे थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम खिलखिला कर हँसे यहां तक कि आग की रोशनी में आप के दाँत मुबारक दिखाई देने लगे। आप ने फ़रमाया हे सलमा! क्या तुम समझते हो कि तुम यह कर सकते हो कि उनके घरों में पहुंचने से पहले इन सबको मार दो? मैंने कहा हाँ उस की क़सम जिसने आप को इज़्ज़त प्रदान की है ! आप ने फ़रमाया अब वे ग़त्फ़ान की सरहद पर पहुंच गए हैं।

एक दूसरी रिवायत में है कि इस जगह ये शब्द वर्णन हुए हैं कि जब हज़रत सलमा बिन अकवा रज़ि ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मुश्रेकीन का दोबारा पीछा करने की इजाज़त मांगी तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। यह

اَنَا ابْنُ الْاَكْوَع وَالْيَوْمُ يَوْمُ الرُّضَّع

हे इब्न अकवा ! तुमने जब ग़लबा पा लिया है तो फिर जाने दो और क्षमा से काम लो। अब पीछे जाने का उनको क़त्ल करने का क्या फ़ायदा? । तो यह जो उस्वा है इस में एक तो यह है कि यह अकेले जंग करते रहे हज़रत मुहरिज़ रज़ि आए तो उन पर उन्होंने छुप के हमला किया या उनको किसी तरह शहीद कर दिया। पहली बार तो उनके घोड़े को पकड़ के उन्होंने पल्टा दिया और बच गए लेकिन फिर हमला हुआ और वह शहीद हो गए। एक तो यह हज़रत मुहरिज़ रज़ि की शहादत की घटना है। दूसरा उनकी बहादुरी भी है और उनको जंग के तरीक़े का भी पता है। अकवा रज़ि ने इन लुटेरों से सब माल छीना और फिर अहम बात यह कि जब माल वापस ले लिया और फिर भी कहा कि मैं उनका पीछा कर के इन सबको क़तल कर दूं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि उनको जाने दो। जब माल वापस आ गया है तो छोड़ो। तो यह आदर्श है आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का क्योंकि आप को क़तल तथा फसाद उद्देश्य नहीं थी। यह मक़सद नहीं था। लुटेरों से और हमला आवरों से जब आप ने वापस माल ले लिया और सब लोग छोड़कर फ़रार हो गए , उन में से कुछ ज़ख़्मी भी हो गए तो आप ने भी फिर वहां किसी किस्म की जंग और क़तल तथा फसाद नहीं किया।

बहरहाल यह कहते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब उनसे ये बातें कर रहे थे कि उनको छोड़ो। वे चले गए हैं तो अब जाने दो। इस दौरान मैं बनी ग़त्फ़ान का एक आदमी आया उसने कहा कि अमुक आदमी ने उनके लिए ऊंट ज़बह किया है। जब वे उसका चमड़ा उतार रहे थे तो उन्होंने एक ग़ुबार देखा। उन्होंने कहा वे लोग आ गए। वे वहां से भी भाग गए। जब सुबह हुई तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया आज हमारे बेहतरीन शाह सवार अबू क़तादह रज़ि हैं और प्यादों में बेहतरीन पियादा अर्थात पैदल चलने वालों में, जंग करने वालों में सलमह रज़ि हैं। सलमह रज़ि ने उन लोगों को मुश्किल में डाल दिया था। वह कहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझे दो हिस्से दिए एक सवार का और एक पैदल का। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मदीना लौटते हुए मुझे अज़्बा ऊंटनी पर अपने पीछे बिठा लिया। तो कहते हैं कि जब हम जा रहे थे तो अन्सार के एक आदमी ने जिस से दौड़ में कोई आगे नहीं बढ़ सकता था उसने कहना शुरू कर दिया कि कोई मदीना तक दौड़ लगाने वाला है। अब जंगों और दुश्मनों के तंग करने के बावजूद सहाबा अपनी तफ़रीह के सामान भी करते रहते थे। एक दूसरे को हल्के फुल्के चैलेंज भी देते थे ताकि वक़्त भी गुज़र जाए और दुश्मनों का जो स्थायी ज़हनी दबाव भी जो है वह भी कुछ कम हो। बहरहाल उन्होंने कहा कि कोई है जो मुझसे दौड़ लगाए ?क्या कोई दौड़ने वाला है? कहते हैं उन्होंने कई बार यह बार-बार दुहराया तो मैंने जब यह बात सुनी तो मैंने दूसरे सहाबी को छिड़का कहा कि तुम किसी सम्माननीय की इज़्ज़त नहीं करते? किसी बुज़ुर्ग से नहीं डरते? उसने कहा नहीं सिवाए उस के कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हों। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इलावा मुझे किसी का ख़ौफ़ नहीं तो मैंने कहा हे रसूलुल्लाह! मेरे माँ बाप आप पर फ़िदा हूँ। मुझे इस आदमी से दौड़ लगाने दें। आप ने फ़रमाया ठीक है अगर तुम चाहते हो तो लगाओ। मैंने इस आदमी से कहा कि चलो। फिर कहते हैं कि मैंने अपने पांव

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

मोड़े और छलांग मारी और दौड़ पड़ा और मैं एक या दो घाटियाँ इसके पीछे दौड़ा फिर में अपनी ताक़त बचा रहा था फिर मैं धीरे से इस के पीछे दौड़ा फिर मैं तेज़ हुआ , उसे जा लिया। यह दौड़ लगती रही। वह मदीना का सबसे तेज़ दौड़ने वाला आदमी था। कहते हैं और तेज़ हो के मैंने उसे जा कर पकड़ लिया । मैंने उसे कंधे के बीच मुक्का मारा। मैंने कहा अल्लाह की क़सम! तू पीछे रह गया।

एक रावी कहते हैं कि मेरा ख़्याल है उन्होंने कहा कि मैं मदीना तक इस से आगे रहा और फिर हम सिर्फ तीन रातें ठहरे यहां तक कि इस के बाद फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ ख़ैबर की तरफ़ निकले।

(उद्धरित सही मुस्लिम भाग 9 पृष्ठ 228 से 238 किताबुल जिहाद वस्सैर,बाब ग़ज़्वः ज़ी कुर्द, हदीसः 3358,नूर फ़ाउंडेशन 2008ई)(सही अल्बुख़ारी किताबुल मग़ाज़ी बाब जंग ज़ातुल क़रद हदीस 4194)

वहां ठहरे। फिर ख़ैबर की तरफ़ चले गए।

तारीख़ तबरी में इस जंग के बारे में कुछ विस्तार से इस तरह है। हज़रत आसिम बिन उम्र बिन क़तादह से रिवायत है कि जंग ज़ी कुर्द में दुश्मन के पास सबसे पहला घोड़ा हज़रत मुहरिज़ बिन नज़्लह रज़ि का पहुंचा जो बनू असद बिन ख़ुज़ैमह में से थे। हज़रत मुहरिज़ बिन नज़्लह रज़ि को क़ुमैरह भी कहा जाता था इसी तरह आप को क़ुमैर भी कहा जाता था और जब दुश्मन की तरफ़ से लूट मार और ख़तरे के लिए इज्तिमा का ऐलान हुआ तो हज़रत महमूद बिन मस्लमह रज़ि के घोड़े ने जो उन के बाग़ में बंधा हुआ था जब और घोड़ों की हिनहिनाहट की आवाज़ सुनी तो अपनी जगह उछल कूद करने लगा। ये एक उम्दा और सिधाया हुआ घोड़ा था। तब बनू अब्दे अश्हल की औरतों में से कुछ औरतों ने बंधे हुए घोड़े को इस तरह उछलते कूदते देखा तो हज़रत मुहरिज़ बिन नज़्लह रज़ि से कहा हे क़ुमैर! क्या आप ताक़त रखते हैं कि अपने इस घोड़े पर सवार हों और ये घोड़ा जैसा है वह आप उसे देख ही रहे हैं। फिर आप मुस्लमानों और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से जा मिलें। आप ने कहा हाँ! में तैयार हूँ। फिर औरतों ने वह घोड़ा आप को दिया। आप,हज़रत मुहरिज़ रज़ि , इस पर सवार हो कर चल दिए। उन्होंने इस घोड़े की बाग ढीली छोड़ दी यहां तक कि आप ने इस जमाअत को पा लिया जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ जा रही थी और उनके आगे आप खड़े हो गए। फिर हज़रत मुहरिज़ बिन नज़्लह रज़ि ने कहा हे थोड़ी सी जमाअत! ठहरो। यहां तक कि दूसरे मुहाजिर और अन्सार जो तुम्हारे पीछे हैं वे भी तुम से आ मिलें। रावी कहते हैं कि दुश्मन के एक आदमी ने आप पर हमला किया और आप को शहीद कर दिया। फिर वह घोड़ा बेक़ाबू हो कर भागा और कोई इस पर क़ाबू ना पा सका यहां तक कि वह बनू अबदे अश्हल के मुहल्ले में आकर उसी रस्सी के पास ठहर गया जिससे वह बंधा हुआ था। अतः मुस्लमानों में इस दिन आप के इलावा और कोई शहीद नहीं हुआ था और हज़रत महमूद रज़ि (तबक़ात इब्ने साद के अनुसार इन सहाबी का नाम हज़रत मुहम्मद बिन मसलमह रज़ि था। उनके घोड़े का नाम ज़ुल्लमहः था। एक दूसरी रिवायत के अनुसार हज़रत मुहरिज़ बिन नज़्लह रज़ि हज़रत उक्काशह बिन मिह्सन रज़ि के घोड़े पर शहादत के वक़्त सवार थे। इस घोड़े को जनाह कहा जाता था और कुछ जानवर दुश्मन के हाथ से छुड़ा लिए थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने स्थान से रवाना हुए और जंग ज़ी कुर्द के पहाड़ पर पहुंच कर ठहरे और वहीं अन्य सहाबा आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में आ गए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक दिन और एक रात वहां ठहरे रहे। सलमा बिन अकवा रज़ि ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से निवेदन किया कि हे रसूलुल्लाह! अगर आप सौ आदमी मेरे साथ भेज दें तो मैं बाक़ी जानवर भी दुश्मन से छुड़ा लाता हूँ और उनकी गर्दन जा दबाता हूँ। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कहाँ जाओगे? इस वक़्त तो वे ग़त्फ़ान की शराब पी रहे हैं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने सहाबा को सौ सौ में तक़सीम करते हुए उनमें खाने के लिए ऊंट तक़सीम किए जिन्हें सहाबा ने बतौर खाने के इस्तिमाल किया। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मदीना वापस तशरीफ़ ले आए।

(तारीख़ अत्तिबरी,भाग 3 ग़ज़्वः ज़ी कुर्द पृष्ठ 115,116 प्रकाशन दारुल फिक्र,द्वित्तीय प्रकाशन 2002 ई) (अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 70 मुहरिज़ बिन नज़्ल प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

और उन लोगों से कोई छेड़छाड़ नहीं किया। उनको छोड़ दिया। इन लोगों को जाने दिया और यही हज़रत मुहरिज़ रज़ि सिर्फ एक शहीद हुए। एक रिवायत के अनुसार घुड़सवारों में सबसे पहले शहीद थे और यही पहली रिवायत में भी है।

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत सुवैयबित बिन सअद रज़ि। आप को सुवैयबित बिन हर्मलह भी कहा जाता है। आप का नाम सुवैत बिन हर्मलह और सलीत बिन हर्मलह भी वर्णन किया गया है। हज़रत सुवैयबित रज़ि का सम्बन्ध क़बीला बनू अब्दुद्दार से था। उनकी माता का नाम हुनैदह था। आप आरम्भिक इस्लाम क़बूल करने वालों में शामिल थे। अक्सर सीरत लिखने वालों ने आप को मुहाजरीन हब्शा में शामिल किया है।

(असदुल गाबः फ़ी मारफ़तिस्सहाबः भाग 2 पृष्ठ 354 सुवैयबित बिन हरमिला दारुल फिक्र बेरूत लेबनान 2003 ई)

(अलासाबा फ़ी तमीज़िस्सहाबः भाग 6 पृष्ठ 368 नुय्मान बिन अमरो दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लेबनान 2005 ई)

(तारीख़ दमिशक़ अल-कबीर ले इब्न असाकिर भाग 12 , अध्याय 24 पृष्ठ 117 ज़िक्र मन इस्महो सलीत दारुल अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लबनान)

